दैनिक भास्कर

उदयपुर 08-10-2025

# हिन्दुस्तान जिंक में सुरक्षा और इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए कार्यशाला आयोजित की

उदयपुर| हिन्दुस्तान जिंक की जावर ग्रुप ऑफ माइंस ने खान सुरक्षा महानिदेशालय के तत्वावधान में जावर माइंस के एक्जीक्यूटिव क्लब में हैवी अर्थ मूविंग मशीनरी में तकनीकी प्रगति पर कार्यशाला का आयोजन किया।



इस कार्यक्रम में डीजीएमएस के अधिकारी, ओरिजनल इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरर पार्टनर और हिन्दुस्तान जिंक की तकनीकी टीमों ने खनन में नवाचार, सुरक्षा और परिचालन उत्कृष्टता पर गहन चर्चा, प्रस्तुतियों और इंटरेक्टिव सत्रों में भाग लिया। कार्यशाला के दौरान, प्रतिभागियों ने हैवी अर्थ मूविंग मशीनरी सुरक्षा मानकों को बेहतर बनाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की।